## डीएवीवी हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले 18 छात्रों की पहचान

- अर्धनग्न होकर डांस कर की थी परिसर में तोड़फोड़
- प्रबंधन द्वारा बाकी छात्रों को किया जा रहा आईडेंटिफाई
- फाइनल ईयर के एग्जाम रोके, अब मांग रहे माफी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस और तोड़फोड़ करने के मामले में 18 छात्रों की पहचान कर ली गई है. प्रबंधन द्वारा बाकियों को आईडेंटिफाई कर रहा है. सभी आरोपियों को एक साथ नोटिस जारी किए जाएंगे. फाइनल ईयर के छात्रों को फिलहाल अंतिम परीक्षा से भी वंचित रखा गया है.

मामला डीएवीवी परिसर में आईईटी के रामानुजन बॉयज हॉस्टल बी का है, जहां कुछ दिन पहले फाइनल ईयर के छात्रों ने जमकर उत्पात मचाया था. छात्रों ने अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी जैसे भद्दे गानों पर डांस किया और हॉस्टल में कुर्सियां, टेबल, खिड़कियों के कांच और प्लास्टिक की पानी की टंकी तक तोड़ डाली. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन हरकत में आया. प्रबंधन की अनुशासन समिति ने इमरजेंसी बैठक कर सख्त कार्रवाई का फैसला लिया. दोषी छात्रों पर 25 हजार रुपए प्रति छात्र जुर्माना, अंतिम परीक्षा में शामिल होने पर रोक और रिजल्ट रोकने जैसे कदम तय किए हैं.



### जांच पूरी होने पर ही फाइनल के छात्रों की परीक्षा कराई जाएगी

आईईटी के डायरेक्टर डॉ. प्रतोष बंसल ने बताया कि अब तक 18 छात्रों की पहचान हो चुकी है, जबकि अन्य की पहचान की जा रही है. सभी को एक साथ नोटिस जारी किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही फाइनल ईयर के छात्रों की परीक्षा कराई जाएगी. मामले में प्रबंधन का कहना है कि वीडियो में कई छात्र सिर्फ मौजूद या डांस करते दिख रहे हैं, इसलिए कार्रवाई केवल उन पर की जाएगी जिन्होंने तोड़फोड़ की है. हॉस्टल में करीब 150 छात्र रहते हैं. घटना के बाद अब तक किसी भी छात्र के अभिभावक प्रबंधन से मिलने नहीं पहुंचे हैं.

## पोते की शादी के लिए किया पोती का सौदा

- 13 साल की बच्ची का 42 साल के व्यक्ति से हो रहा था विवाह

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. परिवार की एक शर्त ने 13 साल की मासूम का बचपन छीन लिया. पोते की शादी कराने के लिए दादा दादी ने अपनी ही पोती का सौदा कर उसे 42 साल के व्यक्ति से ब्याह दिया. मामले में राऊ पुलिस ने दूल्हे समेत 13 लोगों पर केस दर्ज किया है.**

मामला रंगवासा क्षेत्र का है, जहां 19 वर्षीय युवक की शादी तय थी. उसकी होने वाली पत्नी ने शर्त रखी कि वह तभी शादी करेगी, जब उसकी ननद की शादी उसके 42 वर्षीय सगे चाचा से कराई जाएगी. इस शर्त को



पूरा करने के लिए परिवार ने 13 साल की बच्ची की जबरन शादी करा दी. महिला एवं बाल विकास विभाग को पहले ही इसकी भनक लग गई थी. 25 अप्रैल को फ्लाइंग स्क्वाड ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइश दी, जिस पर उन्होंने शादी नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया था. इसके बावजूद 26 अप्रैल की रात को बच्ची को चुपचाप उज्जैन ले जाया गया. चिंतामन गणेश मंदिर के बाहर रात में ही मांग भरकर शादी कर दी गई और फिर बच्ची को वापस इंदौर छोड़ दिया. शादी के बाद बच्ची पर ससुराल जाने का दबाव बनाया, विरोध करने पर दादी ने उसकी पिटाई तक कर दी. इसके बाद बच्ची की मां ने बाल कल्याण समिति में शिकायत की, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ. मामले में फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी महेंद्र पाठक ने बताया कि पहले समझाइश देकर शादी रुकवाई गई थी, लेकिन परिजनों ने चोरी छिपे इसे अंजाम दे दिया. बच्ची के बयान के आधार पर पूरी साजिश सामने आई है, सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा का कहना है कि यह मामला पूरी तरह पारिवारिक दबाव और सौदेबाजी का है. नाबालिग के साथ गंभीर अपराध हुआ है, विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है. जांच में सामने आया कि बच्चों की उम्र छिपाने के लिए फर्जी अंकसूची भी तैयार कराई गई थी. पुलिस ने 13 आरोपियों पर केस दर्ज किया है, वहीं दस्तावेजों की जांच के बाद जालसाजी की धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी.


## लव जिहाद : धर्म छिपाकर दोस्ती, फिर रेप और धमकी

- युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर नाम और धर्म छिपाकर दोस्ती करने, फिर जबरन दुष्कर्म करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह प्रायवेट कंपनी में नौकरी करती है और करीब तीन-चार साल पहले उसकी



मुलाकात आरोपी से नौकरी दिलाने के बहाने हुई थी. आरोपी ने अपनी असलियत छिपाकर अपना नाम राहुल उर्फ आरके बताया. आरोपी ने पहले दोस्ती की. फिर वर्ष 2022 में आरोपी, युवती को श्रीनगर क्षेत्र स्थित श्रीदेवी अपार्टमेंट के किराए के फ्लैट पर ले गया, जहां उसे कमरे में बंद कर उसकी मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी. इसके बाद आरोपी लगातार धमकाकर कई बार उसके साथ जबरदस्ती करता रहा. विरोध करने पर मारपीट और गाली-गलौज भी की जाती थी.

**खुद को डॉक्टर बताता है आरोपी, जबकि उसके पास कोई वैध डिग्री नहीं है**-पीड़िता का आरोप है कि बाद में दस्तावेज देखने पर आरोपी की वास्तविक पहचान उसके सामने आई. इस पर जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि उसने जानबूझकर अपनी पहचान छिपाई थी. शिकायत में यह भी कहा गया है कि मार्च 2026 में आरोपी ने आखिरी बार जबरदस्ती की और इसके बाद से मोबाइल बंद कर फरार हो गया. आवेदन में युवती ने आरोप लगाया है कि आरोपी खुद को डॉक्टर बताकर विभिन्न अस्पतालों में काम करने की बात कहता था, जबकि उसके पास कोई वैध डिग्री नहीं है.

### कई हिंदू युवतियों को झांसे में लेकर रेप कर चुका है आरोपी

युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी पहले भी कई हिंदू युवतियों को झांसे में लेकर संबंध बना चुका है. हालांकि इन आरोपों की पुलिस द्वारा आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी खरगोन जिले के भावसार मोहल्ला क्षेत्र का रहने वाला है और उसकी तलाश की जा रही है. मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. घटना के बाद राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दीक्षित, मनीष सिंह सिसोदिया, मानसिंह राजावत और युवराज सिंह ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता भी एमआईजी थाने पहुंचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की.

## थाने के पास कचरे में लगी आग

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना के पास देर रात कचरे के ढेर में आग लग गई. पास ही रुई का गोदाम था, जहां पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया.

घटना परदेशीपुरा थाने के पास की है. देर रात करीब 2 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली कि रुई के गोदाम में आग लगी है. सूचना पर दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं. मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग गोदाम में नहीं, बल्कि उसके पास पड़े कचरे के ढेर में लगी थी, जो तेजी से फैल रही थी. पास में रुई का बड़ा गोदाम होने से आग फैलने का खतरा बना हुआ था. दमकल कर्मियों ने पुलिस की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया और करीब 10 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया. घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन घने धुएं के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

## इंस्टा पर लाइव वीडियो बनाकर सुसाइड करने जा रहे युवक को बचाया

- आत्महत्या से पहले पुलिस ने पहुंचकर उसे ऐसा करने से रोक लिया
- परिवार की डांट से आहत होकर उठा रहा था खतरनाक कदम

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सोशल मीडिया पर आत्महत्या का लाइव वीडियो पोस्ट कर रहे एक युवक को पुलिस ने समय रहते बचा लिया. छत्रीपुरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित रोककर काउंसलिंग की, जिससे उसका मन बदल गया.**

पुलिस के अनुसार, 19 मई को एक इंस्टाग्राम यूजर ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या का प्रयास करते हुए वीडियो पोस्ट किया था. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने सुसाइड अलर्ट जारी किया और मामले को गंभीरता से लिया. पुलिस उपायुक्त जोन-4 के निर्देश पर तत्काल विशेष टीम गठित कर युवक की तलाश शुरू की गई. तकनीकी इनपुट, साइबर ट्रैकिंग और स्थानीय पुलिस की मदद से टीम ने युवक को ढूंढ निकाला और उसे सुरक्षित अभिरक्षा में लिया. पूछताछ में सामने आया कि युवक पारिवारिक डांट और मानसिक आवेश के कारण यह कदम उठाने जा रहा था.

पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए युवक को समझाइश दी और जीवन के महत्व के बारे में बताया. उसे समझाया गया कि क्षणिक गुस्सा या तनाव में लिया गया ऐसा निर्णय पूरे परिवार को गहरी पीड़ा देता है. साथ ही सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो के दुष्प्रभावों से भी उसे अवगत कराया.

### पुलिस ने परिवार को भी दी ये सलाह...

पुलिस ने परिजनों को भी सलाह दी कि वे बच्चों और परिवार के सदस्यों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें और तनाव की स्थिति में उनका सहयोग करें. मामले में पुलिस उपायुक्त जोन-4 सुनील मेहता ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर युवक को सुरक्षित बचाया. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के तनाव या परेशानी में आत्मघाती कदम उठाने के बजाय परिजन, मित्र या पुलिस से संपर्क करें, पुलिस हर समय सहायता के लिए उपलब्ध है.

## एक नजर में

### बेटमा में निकली शोभायात्रा, उमड़ा आस्था का सैलाब



**महू/बेटमा.** बेटमा नगर में पहली बार मां क्षिप्रा अन्न क्षेत्र समिति मध्य मालवा एवं श्रीराम जानकी गौशाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 201 श्री रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ. शोभायात्रा सुबह 8 बजे गाजे बाजे के साथ हनुमान मंदिर, मीठी बावड़ी से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बदीपुरा बालाजी मंदिर स्थित श्रीराम जानकी गौशाला पहुंची. शोभायात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर मंगल कलश और पुरुष सिर पर 201 पवित्र रामायण धारण किए नंगे पांव चल रहे थे. भगवान के स्वरूप में सजे कलाकार भी आकर्षण का केंद्र बने रहे. शोभायात्रा में क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवताचार्य पं. रोहिताश्व पाठक अटावदा वाले एवं बदीपुरा बालाजी मंदिर के पुजारी पं. अनिल दुबे उपस्थित रहे. गौशाला परिसर पहुंचने पर मुख्य यजमान ताराचन्द खंडेलवाल एवं संयोजक मोहनसिंह सुमेर ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया. अखंड पाठ की पूर्णाहुति शुक्रवार को सुबह 11 बजे होगी.

### सीमेंट से भरा ट्राला चौराहे पर लगी लोहे की जाली में फंसा



**महू.** बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब ढ़ाई बजे सीमेंट से लदा एक ट्राला सात रास्ता सर्किल स्थित लोहे की जालियों के चेंबर में फंस गया. दो घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन बुलवाई गई और ट्राला बाहर निकल गया. इस दौरान ट्रैफिक हैड कांस्टेबल मुन्ना मौके पर डटे रहे. इधर, लोगों का कहना है कि महात्मा फुले प्रतिमा के आसपास अघोषित पार्किंग के चलते रोज ही छोटे बड़े वाहन उलझते हैं, रोज छोटे मोटे हादसे भी होते रहते हैं. छावनी परिषद, यातायात पुलिस व अन्य स्तर पर जिम्मेदारों को उचित कार्रवाई करना चाहिए. ट्राले में भरी सीमेंट और शासकीय प्रॉजेक्ट को लेकर भी हैरतभरा बहुत कुछ है, जिस पर जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं.

### भागवत कथा में बनाई गिरिराज पर्वत की झांकी, भक्तों ने किया पूजन

**महू.** कोदरिया में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भव्य गिरिराज पर्वत की झांकी बनाई गई. कथा वाचक पं. विपुल कृष्ण महाराज ने गोर्वधन लीला के महत्व की विस्तार से व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान ने इंद्र के अहंकार को खत्म करने और प्रकृति की महिमा बढ़ाने के लिए गिरिराज लीला की थी. इसक जरिये भगवान ने यह संदेश दिया है कि व्यक्ति को पद, और धन का अहंकार नहीं करना चाहिए. भगवान कहते हैं मुझे प्राप्त करने के लिए अहंकार रहित होना पड़ेगा. माखन चोरी की लीला के विषय में महाराज ने बताया कि भगवान माखन के रूप में भक्त का मन चुराते हैं, क्योंकि यह मन और बुद्धि प्रभु के मिलन में अवरोध करती है. उन्होंने कथा में बेटी की महिमा के विषय में बताया कि कन्या बड़े भाग्य से होती है और बिना कन्या के परिवार भी पूर्ण नहीं होता है. इसलिए हमें गर्भ में ही बेटियों की हत्या से बचना चाहिए, ऐसा करने से पाप लगता है. कथा में ब्राह्मण समाज कोदरिया और ब्राह्मण समाज महू ने महाराज का सम्मान किया. व्यास पीठ का पूजन पं. दिनेश शर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, विवेक शर्मा, मनोज कौशल, अंकित शर्मा, गौरव शर्मा, संजय शर्मा आदि ने किया.

## महिला कर्मचारी को ब्लैकमेल कर रहा था फर्जी पत्रकार

- स्पाई कैमरे से वीडियो बनाकर कर रहा था वसूली
- क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** खुद को पत्रकार बताकर श्रम विभाग की महिला कर्मचारी को जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है. आरोपी ने कर्मचारी के हाथ में जबरन रुपए थमाकर गुप्त कैमरे से वीडियो बना लिया और पहले 50 हजार और फिर एक लाख रुपए की मांग की. महिला कर्मचारी की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.



पीड़िता ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जांच में पूरा घटनाक्रम उजागर हुआ. पुलिस के अनुसार, आरोपी अजीत चौरसिया श्रम विभाग में कार्यरत महिला से मिलने उसके दफ्तर पहुंचा था. उसने खुद को पत्रकार बताते हुए बीमा योजनाओं की जानकारी देने का बहाना बनाया और बातचीत के दौरान भरोसा जीतने के लिए महिला को 5 हजार रुपए थमा दिए. इसी दौरान आरोपी ने बिना बताए स्पाई कैमरे और मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया. बाद में उसने महिला पर पैसे लेने का आरोप लगाते हुए उसी वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया.

### पहले 50 हजार रुपए मांगे, इंकार करने पर एक लाख मांगने लगा

आरोपी ने पहले 50 हजार रुपए की मांग की और बाद में रकम बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी. महिला के मना करने पर आरोपी लगातार दबाव बनाता रहा, जिसके बाद पीड़िता ने हिम्मत कर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई. जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जबरन वसूली सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्पाई कैमरा, मोबाइल और रिकॉर्डिंग डिवाइस बरामद किए हैं. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि अब यह

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से युवक की मौत, ड्राइवर गिरफ्तार

**इंदौर.** एरोड्रम रोड पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने डंपर जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक का नाम केशव नगर निवासी 22 वर्षीय इरफान शेख बताया गया है.

पुलिस के अनुसार इरफान शेख देर रात दोस्तों से मिलकर बाइक से घर लौट रहा था. इसी दौरान एरोड्रम रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक



को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि इरफान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया. परिजनों के मुताबिक, इरफान हम्माली का काम करता था. वह खाना खाने के बाद घर से निकला था और जल्द लौटने की बात कहकर गया था. मृतक अविवाहित था, उसके परिवार में एक भाई और दो बहनें हैं. पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले में आगे की जांच कर रही है.

## बिना फायर एनओसी के चल रही थी प्लास्टिक दाना फैक्ट्री

- चंदन नगर क्षेत्र स्थित दाना फैक्ट्री अग्निकांड में बड़ा खुलासा

**इंदौर. चंदन नगर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में लगी आग के मामले में जांच में बड़ी लापरवाही सामने आई है. फैक्ट्री बिना फायर एनओसी के संचालित हो रही थी. पुलिस ने संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है.**

धार रोड स्थित श्रीराम तलावली की प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में पांच दिन पहले भीषण आग लगी थी. जांच में सामने आया कि फैक्ट्री के पीछे लगे डीपी ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी चिंगारी से अंदर रखे प्लास्टिक और केमिकल ने आग पकड़ ली और आग तेजी से फैल गई. जांच के दौरान पता चला कि फैक्ट्री संचालक मोहम्मद जावेद ने फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था.

परिसर में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं थे. इतना ही नहीं, फैक्ट्री में आपात स्थिति में बाहर निकलने के लिए सिर्फ एक ही गेट था, जो बड़े हादसे की स्थिति में जानलेवा साबित हो सकता था. सुरक्षा मानकों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर चंदन नगर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक मोहम्मद जावेद निवासी जवाहर मार्ग, मुकेरीपुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** नर्मदा लाइन से नहीं आ रहा पानी, थोड़ा-बहुत आता भी है तो वह होता है दूषित, जिसे किसी काम में नहीं ले सकते

## वार्ड 40 के शिवबाग में पानी के लिए हाहाकार, दोगुने रेट पर खरीद रहे पानी

**इंदौर. भीषण गर्मी के इस मौसम में शहर के वाशिंदे गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन के बावजूद कम प्रेशर से और बहुत कम समय पानी आने और बोरिंग बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है. नगर निगम टैंकरों से आपूर्ति नहीं कर पा रही है. परिणामस्वरूप निजी टैंकर वाले दोगुनी दर पर पानी बेच रहे हैं. इससे निवासियों में भारी नाराजगी है.**

इसी तरह पानी की किल्लत और दूषित पानी का गंभीर मामला वेलोसिटी टॉकीज के पीछे स्थित वार्ड क्रमांक 40 की शिवबाग कॉलोनी गली नंबर 5 से भी सामने आया है. क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से नर्मदा जल आपूर्ति बाधित बनी हुई है. रहवासियों का आरोप है कि घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा और जो पानी मिल रहा है, वह पूरी तरह दूषित है. क्षेत्रवासियों के अनुसार शिकायतों के बाद निगम द्वारा पिछले छह महीनों में कई बार सड़क खोदकर टेस्टिंग की गई, लेकिन वरिष्ठ इंजीनियर और निगम का अमला अब तक सप्लाई बाधित



होने और दूषित पानी का कारण तलाश नहीं कर पाए हैं. लोगों का गुस्सा तब और बढ़ गया, जब निगम के पानी के टैंकर चार-चार दिन में पहुंचने लगे तथा किराएदारों को पानी देने से मना किया जाने लगा. रहवासियों ने आरोप लगाया है कि जब वे शिकायत लेकर पार्षद के पास जाते हैं तो उनके साथ पार्षद द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है. रहवासियों को मजबूरी में निजी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं. इस पर उन्हें 1200 से 1500 रुपए प्रति टैंकर तक खर्च करना पड़ रहा है. क्षेत्रवासियों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है.



### वर्तमान में दोबारा टेस्टिंग की जा रही, आरोप बेबुनियाद हैं

क्षेत्र की टंकी में पानी कम भर रहा है, जिसकी वजह से सप्लाई आगे नहीं बढ़ पा रही. पूर्व में कंप्लेंट मिली थी, जिस पर कुछ स्थानों पर टेस्टिंग करने के लिए लाइन चेक की गई. वर्तमान में दोबारा टेस्टिंग की जा रही है. जो आरोप लगाए जा रहे हैं बिल्कुल गलत हैं.

– पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद

### यह बोले रहवासी...



पिछले चार वर्षो से क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है. समस्या का निराकरण आज तक नहीं हो पाया है. लोग निजी टैंकर से पानी खरीदकर गुजारा करने को मजबूर हैं.

– सविता शर्मा



हम हर तरह का टैक्स भरते हैं, यहां तक कि नल का बिल भी हमसे वसूला जाता है, फिर भी पानी के नाम पर सिर्फ एक बाल्टी पानी, वह भी दूषित मिल रहा है, जो खर्च के काम भी नहीं आता.

– मिश्री राठौर




जब कभी निगम का टैंकर आता भी है तो कर्मचारी किराएदारों को पानी देने से बिल्कुल इनकार कर देते हैं, सिर्फ 10 बर्तन पानी मकान मालिक को दिया जाता है, अब मकान मालिक खुद इस्तेमाल करें कि हमें दें.

–कल्पना पटेल



नलों से बहुत ही दूषित पानी आ रहा है, कभी भी भागीरथपुरा जैसी बड़ी घटना हो सकती है. यह कहकर हमारी कंप्लेंट कटवा दी जाती है कि पानी की समस्या बहुत जल्दी सुलझ जाएगी, लेकिन कोई निराकरण नहीं हो रहा है.

– पूजा श्रीवास



फोन करने के तीन-चार दिन बाद पानी का टैंकर आया, पिछले वर्ष भी शिकायत करने के बाद टैंकर नहीं मिला. जगह-जगह गड्ढे किए, रोड भी डैमेज किया, पर कोई रिजल्ट नहीं निकला.

– सलोनी राजपूत



जब मैंने पानी के लिए पार्षद को फोन किया तो उन्होंने बहुत ही अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि तुम्हारी कॉलोनी इतनी अच्छी नहीं है, मैं टैंकर नहीं पहुंचाऊंगा.

– चित्रा कुमावत